卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 174 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦31 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



www.cps.edu.in

cps.rdr

ColumbusPublicSchool

CPS_Rudrapur

COLUMBUS PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR

GLORIA IN EXCELSIS

Estd. 1997

# COLUMBUS PUBLIC SCHOOL

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

Nursery to 12th (Arts, Science & Commerce)

Session 2023 - '24

## Admissions Open

Limited Seats. Merit-based waiver on Admission Fee.

brainfeed SCHOOL EXCELLENCE AWARDS 2022-23

brainfeed TOP 500 SCHOOLS OF INDIA 2022-23

Ranked Category A+ by C.B.S.E



For Registration Call +91 9927927999

Bali Vihar, Model Colony, Rudrapur (Uttarakhand) | cps@cps.edu.in

Tel. No. : (05944) 244076 | 9927963999

# रामनगर से विदा हुए मेहमान,अतिथि सत्कार से हुए गदगद





रामनगर। रामनगर में मिले आतिथि सत्कार से विदेशी मेहमान गदगद नजर आए। जाते समय आयोजन स्थल के समीप भी वे वाहन में बैठकर बार-बार पीछे मुडकर निहारते रहे। बिजरानी गेट पर उन्होंने रामनगर के द्वारा मिले आतिथ्य सत्कार की खूब प्रशंसा की है। उन्होंने कहा- शुक्रिया उत्तराखंड। हमेशा से ही अतिथि देवो भव के नारे को चरितार्थ अच्छी यादें व अनुभव को साथ लेकर यहां से जाएं। अतिथियों के स्वागत के लिए शहर को पेटिंग, सजावट, सफाई, अच्छी सडक के जरिए सुंदर बनाया गया। इसमें जो भी अड़चने आई स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे दूर कर लिया गया। 28 मार्च को स्वागत के लिए महिलाएं पर्वतीय संस्कूति के अनुरुप खुद ही सजधज कर लखनंपुर चौराहे पर मेहमान काफी प्रभावित हुए। जिनकी सराहना करने से भी मेहमान खुद को नहीं रोक पाए। मेहमानों ने प्रकृति व शुद्ध वातावरण के बीच खुद को पाकर आराम व सुरक्षित महसूस किया। गुरुवार दोपहर जब मेहमान जाने लगे तो हाथ जोडकर प्रेम व सम्मान के लिए मौजूद लोगों का आभार जताना भी नहीं भूले। ढाई बजे सभी लोग सुरक्षा में दौरान पुलिस प्रशासन ने पूरे शहर को जीरो जोन में तब्दील कर दिया गया था।साथ ही ड्रोन से भी निगरानी की गई। गुरुवार को बाजपुर में भगत सिंह चौक पर नगरवासियों व इंटर कालेज गेट के सामने एनसीसी कैडेट्स ने डा.रवींद्र सिंह मंड की अगुवाई में मेहमानों का हाथ हिलाकर स्वागत-सत्कार किया। मेहमाननमाजी से अभिभूत विदेशी मेहमानों की फ्लीट के गुजरने से करीब आधा घंटे पहले पूरे क्षेत्र को जीरो जोन में तब्दील कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाक-चौबंद थी कि पैदल व्यक्तियों को भी जगह-जगह खड़े पुलिस सुरक्षा कर्मी इधर से उधर रोड क्रास नहीं करने दे रहे थे। ड्रोन से भी निगरानी रखी जा रही थी। विदेशी मेहमानों का 12 बजे से इंतजार कर रहे राहत की सांसविदेशी मेहमानों की फ्लीट कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल गुजरने के बाद पिछले करीब एक माह से सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों में जुटी पुलिस-प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। जी 20 सम्मेलन शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद अधिकारियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। आयोजन को सफल बनाने में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत,





करने वाले उत्तराखंड में फरवरी माह में जब इतने बड़े इवेंट की घोषणा हुई तो हर कोई मेहमानों के आने का इंतजार करने लगा। स्थानीय लोगों का भी साथ मिला तो प्रशासन ने रात दिन एक करके कुछ ही दिन में पूरी व्यवस्था तैयार कर दी। जिससे कि सभी मेहमान रामनगर की स्वागत के लिए पहुंच गई। इतनी संख्या में पहली बार महिलाएं खुद ही घरों से निकलकर स्वागत के लिए आईं।आयोजन स्थल में भी प्रशासन द्वारा उनके स्वागत के लिए एक से बढकर एक व्यवस्था की गई थी। व्यवस्थाओं व सुरक्षा इंतजामों से भी रामनगर से विदा हुए। रामनगर में जी-20 शिखर सम्मेलन में शिरकत कर वापस पंतनगर एयरपोर्ट के लिए लौटे विदेशी मेहमानों का काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर बाद सवा तीन बजे भगत सिंह चौक व इंटर कालेज के सामने से होकर गुजरा। इस मेहमानों के चेहरे पर खुशी के भाव साफ झलक रहे थे।सड़क किनारे उनके स्वागत सत्कार में खड़े लोगों को विदेशी मेहमानों ने भी सुरक्षा से लैस वाहनों के अंदर से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इससे पहले सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था में जुटी पुलिस ने विदेशी थे लोगसाप्ताहिक बंदी के बावजूद लोग दुकानों के आगे, गलियों के कोनों व सार्वजनिक स्थलों पर दोपहर 12 बजे से खड़े नजर आए। इतना ही नहीं करीब दो किलोमीटर के क्षेत्र में जगह-जगह लोग अतिथियों का हाथ हिलाकर स्वागत करते नजर आए। पुलिस प्रशासन ने ली डीएम धीराज गर्ब्याल व एसएसपी पंकज भट्ट के अलावा स्थानीय पुलिस प्रशासन, बिजली विभाग, सिचाई विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, नगर पालिका, उधान विभाग, एआरटीओ, रोडवेज स्टेशन, अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी में लगे हुए थे।

# बिजली उपभोक्ताओं को महंगाई का झटका घरेलू श्रेणी में 3.44 प्रतिशत की भारी वृद्धि

देहरादून। उत्तराखंड में बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर झटका लगा है। प्रदेश में बिजली महंगी हो गई है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के अनुमोदन के बाद वर्तमान दरों में 1.79 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि, बीते वर्ष की तुलना में बिजली के दाम कुल 9.64 प्रतिशत बढ़ गए हैं। इस बार घरेलू श्रेणी में 3.44 प्रतिशत की भारी वृद्धि की गई है। बीपीएल और स्नोबाउंड उपभोक्ताओं को भी अब 10 पैसे प्रति यूनिट अधिक देने होंगे। हालांकि, बड़े उद्योगों को नए टैरिफ में फौरी राहत दी गई है। मत्स्य पालकों के लिए अब व्यावसायिक के स्थान पर कृषि श्रेणी में विद्युत मिलेगी। समय पर बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के लिए छूट भी बढ़ाई गई है। कुल मिलाकर बीते एक वर्ष में दरों में की गई भारी वृद्धि से उपभोक्ताओं की जेब पर भार बढ़ गया है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव पर निर्णय कर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नए विद्युत टैरिफ घोषित कर दिया है। जिसमें बीते वर्ष के टैरिफ की तुलना में 9.64 प्रतिशत की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, आयोग की ओर से वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूर्व में ही तीन बार दरों में वृद्धि का अनुमोदन कर दिया गया था, ऐसे में अब 1.79 प्रतिशत इजाफा और कर दिया गया है। ऊर्जा निगम ने नए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7.72 प्रतिशत दर वृद्धि और करीब साढ़े छह प्रतिशत सरचार्ज वृद्धि को जारी रखते हुए कुल 16 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। इसके अलावा यूजेवीएनएल व पिटकुल की ओर से भी 12 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का प्रस्ताव था। प्रस्ताव का अध्ययन और आंकड़ों का विश्लेषण कर नियामक आयोग ने नए टैरिफ की घोषणा कर दी। टैरिफ के अनुसार वर्तमान दरों में 1.79 और एक वर्ष में कुल 9.64 प्रतिशत वृद्धि। फिक्स चार्ज में कोई वृद्धि नहीं। चार लाख घरेलू और हिमाच्छादित उपभोक्ताओं के लिए 10 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी। 2000 से अधिक मत्स्य पालकों को अब कृषि उपभोक्ता के तौर पर बिजली मिलेगी। देय तिथि से पूर्व बिल का डिजिटल भुगतान करने पर 1.50 और अन्य माध्यम से भुगतान पर एक प्रतिशत छूट। निजी नलकूप का बिल एक माह में जमा कराने पर पांच प्रतिशत की छूट। उद्योगों को औसत 18 घंटे विद्युत आपूर्ति न होने पर बिल में 20 प्रतिशत की छूट है।

# जिलाधिकारी ने किया कन्याओं का पूजन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। चौत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को नारी शक्ति उत्सव के तहत चण्डिका मंदिर में जिला प्रशासन द्वारा भव्य भजन-कीर्तनों के साथ ही कन्या पूजन तथा प्रसाद वितरण व भण्डारा भी किया गया। शासन से नवरात्रि को नारी शक्ति उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न मंदिरों में नारी शक्ति उत्सव मनाया गया, चण्डिका मंदिर में भजन-कीर्तन के साथ ही दुर्गा स्तुति, चंडी पाठ,रामचरितमानस व देवी गायन का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने मातृ शक्ति स्वरूप में मंदिर में भक्तों के साथ कीर्तन-भजन किया। कन्याओं की आरती, पांवधोकर पूजा अर्चना की, वही नवरात्रि में कन्या पूजन के साथ अपना नवरात्रि व्रत भी पूजा विधान के बाद तोड़ा,कहा कि माता के नौ रूपों की श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना करने पर सुख समृद्धि और माता



का आशीर्वाद मिलता है। मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह द्वारा 61 कन्याओं का पूजन कर भोग लगाया गया। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों के कल्याण की दुआ मांगी। इसके बाद सामूहिक रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष इन्द्र सिंह फर्स्वाण, विधायक प्रतिनिधि मनोज ओली, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या,आबकारी अधिकारी मीनांक्षी टम्टा,डीपीओ अनुलेखा बिष्ट,भूमि संरक्षण अधिकारी गीतांजलि बंगारी, जिलाआयुर्वेदिक अधिकारी बेला महरा,आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने भी कन्या पूजन कर भोग लगाया। इस दौरान सैकड़ो श्रद्धालुओ ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर माँ चण्डिका का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में एसडीएम हरगिरि, जिला सूचना अधिकारी गोबिन्द सिंह बिष्ट, सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# गुरुकुल कांगड़ी विवि के दीक्षांत समारोह में पहुंचे अमित शाह

हरिद्वार। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज बृहस्पतिवार को उत्तराखंड पहुंचे हैं। सुबह वे गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के 113वें दीक्षांत समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने 182 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल व 181 छात्रों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। विवि के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विवि के 113वें दीक्षांत समारोह में 8 वर्षों के करीब 1800 छात्र-छात्राओं को स्नातक, परास्नातक, पीजी डिप्मोला, पीएचडी और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2022 तक के छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में उपाधि देने के लिए आमंत्रित किया गया था। गृह मंत्री अमित शाह के हाथों पांच विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए हैं। भौतिकी विज्ञान से अविशी चौधरी, बीएससी से वैभव कांडवाल, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान से प्रज्ञा चौधरी, एमए संस्कृत साहित्य से ओम प्रकाश और एमएससी सूक्ष्म जीव विज्ञान से सागर चिन्नयोटी को स्वर्ण पदक दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री के हाथों स्वर्ण पदक पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद की तपोभूमि गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा देने का कार्य करता है। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि यहां से शिक्षित और दीक्षित छात्र राष्ट्र विकास में योगदान देंगे। स्वामी दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद की वैदिक ज्ञान के कुलाधिपति डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि यह एक महान तपस्वी और क्रांतिकारी स्वामी श्रद्धानंद की कर्मस्थली



परंपरा भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करती है और यहां के छात्र इस परंपरा को जीवित रखेंगे।विश्वविद्यालय है। कुछ शक्तियां कतिपय निजी स्वार्थ वश संस्था पर गिद्ध दृष्टि रखती हैं और एक संरक्षक के रूप में वे इसकी रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से विश्वविद्यालय के संरक्षण करने का निवेदन किया। कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि विश्व विद्यालय निरंतर प्रगति पथ अग्रसर है और भारती ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। अपने विस्तृत प्रतिवेदन में उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और विभागों की प्रगति के बारे में बताया।नव दीक्षित छात्रों को सत्य अन्वेषण और लोक उपकार के लिए कार्य करने के लिए कुलपति ने दीक्षा उपदेश भी प्रदान किया। समारोह के दूसरे सत्र में कुलाधिपति डॉ. सत्यपाल सिंह और कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने पीएचडी, स्नातकोत्तर, स्नातक और स्वर्ण पदक छात्र-छात्राओं को प्रदान किए। दीक्षांत समारोह का संचालन कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर दीक्षांत समारोह के मुख्य संयोजक प्रो. श्रवण कुमार शर्मा, संयोजक प्रो. प्रभात कुमार, सह संयोजक डा. अजय मलिक, वित्ताधिकारी प्रो. देवेंद्र गुप्ता, प्रो. डीएस मलिक आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर परमार्थ आश्रम ऋषिकेश के परमाध्यक्ष चिदानंद मुनि, महामंडलेश्वर कैलाशानंद, श्रीमहंत रविंद्र पुरी, यज्ञ मुनि, स्वामी जयंत, आचार्य राजेंद्र, आचार्य विजयपाल शास्त्री, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी यतीश्वरानंद, प्रदेश के डीजीपी अशोक कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S. (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085, 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

बिकाऊ है
मकान दो मंजिल (17 x52) 100 गज
एक मंजिल (23x52) 134गज
तपस्या विहार गंगापुर रोड़ रूद्रपुर में मात्र लागत के रूपयों में गंगापुर रोड से 10 मीटर अंदर
एवं एक दुकान (13x 25) मेन गंगापुर रोड पर
केवल खरीददार संपर्क करें
मो.- 8279821260

# आर्यभट्ट शाखा के स्वयं सेवकों ने धूमधाम से मनाई राम नवमी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वार्ड 16 में आर्यभट्ट शाखा के स्वयंसेवको रामनवमी के सुअवसर पर हिन्दू नववर्ष का आयोजन किया। जिसमें वार्ड 16 की विभिन्न कॉलोनियों से लगभग 600 लोगो ने प्रतिभाग किया। रामनवमी की संध्या पर आयोजित हिन्दू नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में समाज में जागरूकता के उद्देश्य से कक्षा एलकेजी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों हेतु पोस्टर प्रेजेंटेशन किया गया जिसमे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, हिमालय बचाओ, पेड़ बचाओ आदि विषयों पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता की गई जिसमें 10 कॉलोनियों में 50 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया अच्छा पोस्टर बनाने पर स्वयंसेवको द्वारा पुरुस्कार के रूप में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेट की गई। आयोजन टीम के सदस्य सचिन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू नववर्ष के बारे में लोगो को



जागरूक करना तथा बच्चों पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चो में जागरूकता पैदा करना है । कार्यक्रम का संचालन गोपाल पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री हरदेव संगीत अकादमी के विद्यार्थियों ने हारमोनियम तथा तबलों पर खूबसूरत प्रस्तुति देकर मन मोहा। इस अवसर पर मंजीत कुमार, योगेश पाल, सुधीश शर्मा, अजय राज शर्मा, प्रवीण, सुनील तिवारी, मोर सिंह, राकेश कुमार, निशांत गुप्ता आदि लोग रहे।

# बसंती पूजा महोत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविंद्र नगर वार्ड नंबर 37 में श्री श्री बसंती पूजा महोत्सव के चौथे दिन प्रात: नवमी पूजा हुई। जिसके पश्चात हवन व पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। शाम को छोटे-छोटे बच्चों द्वारा धुनोची आरती का आयोजन किया गया। जिसके बाद काली नगर के ग्रुप द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तावित था और शहर के विधायक शिव अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले थे लेकिन खराब मौसम व तेज आधी के कारण कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा। यह कार्यक्रम सभी को सूचित करते हैं की कल आज 31 मार्च को होगा। आयोजन कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि यह कार्यक्रम एक दिन और बढ़ा दिया जाए। पूजा कर रहे हैं पंडित दीपक चक्रवर्ती एवं गोपाल चक्रवर्ती ने बताया कि इस बार का पूजा का जो मुहूर्त है वह बहुत महत्वपूर्ण है। जो कई सालों के बाद आता है। कमेटी के सांस्कृतिक प्रभारी भारती सरकार और निकिता मलिक ने बताया कि आज का कार्यक्रम हमारे समाज बंगला संस्कृति से जुड़ा है। प्रभारी भारती और निकिता, सुनील घोष, सुब्रत, शुभम, वंश, देवाश, महिंद्र पाल, महेश मंडल ,गोपाल शाह, शांति मंडल, अनूप सरकार, मान सिंह, प्रभास वैद्य, मानदार मंडल, मनोज अधिकारी, संजय



इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष एसपी सरकार, उपाध्यक्ष प्रदीप दास, सचिव तारक अधिकारी, उपसचिव सूरज विश्वास, कोषाध्यक्ष अर्जुन, संस्कृतिक घोष, शिव वैद्य, सुमन मंडल, बलाई मंडल, अजय मंडल, सुकुमार सरकार, रंजीत राय, अजय सरकार, शुभम रफ्तान आदि लोग उपस्थित थे।

# शिविर में दी महिला सशक्तिकरण और महिला कानूनों की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का शुभारंभ रामलीला ग्राउंड ,भूत बंगला में हुआ। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन की भूतपूर्व उपाध्यक्ष सशक्तिकरण का महत्व एवं लैंगिक समानता के विषय में विस्तार से चर्चा की। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं कर्तव्यों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.



एवं प्रथम महिला एडवोकेट श्रीमती उमा गक्खर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उन्होंने अपने उदबोधन में महिला सशक्तिकरण तथा वर्तमान समय में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए विभिन्न कानूनों के बारे में विस्तार से समझाया। शिविर में इसी क्रम में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर पीसी सुयाल ने स्वयंसेवियों के समक्ष महिला दीपमाला ने किया। सभी स्वयंसेवकों को इंडस्ट्रियल एरिया, शिव शक्ति इंटरप्राइजेज में भ्रमण कराया गया। जहां उनको इंडस्ट्री के निदेशक प्रभा कांत दुबे ने कौशल विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मशीनों पर कार्य करके व्यावहारिक अनुभव से अवगत कराया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजीता जौहरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# श्री कृष्ण द्वारा तर्जनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा सुनाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यहां सिंह कालोनी गली नंबर एक में स्थित श्री श्री शनि देव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण जी की लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। जिसे सुनकर उपस्थित सैकड़ों स्थित विशाल गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। जिसके नीचे खड़े होकर समस्त गांव वासियों ने अपने प्राणों की रक्षा की। श्री कृष्ण जी के जयघोषों से सारा गांव गुंजायमान हो गया। उन्होंने कहा श्री कृष्ण जी का यह उपदेश कभी भी नहीं भुला चाहिए। जिसमें उन्होंने कहा था कि समापन पर आरती की गई और उसके पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद भी वितरण किया गया। इस मौके पर कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, गोबिंद राय, केके दास, प्रियंका मंडल, सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुव्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, भागीरथी सरकार, पुष्पा



श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा व्यास श्री श्याम भाई जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं से समस्त गोकुलनागरी वासियों तथा गोपियों को बहुत आनंदित किया था। उन्होंने कहा जब गोकुल नगरी में मायावी शक्ति से मूसलाध ार बरसात होने लगी और गांव डूबने के कगार तक पहुंच गया तो भगवान श्री कृष्ण ने अपनी तर्जनी अंगुली पर गांव में अपना कर्म सदैव शास्त्रानुसार करो। सांसारिक मोहमाया को अपने कर्म पर हावी मत होने दो। कभी भी बिना सोचे समझे उसके परिणाम को जाने कोई कार्य मत करो। श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज द्वारा भजन भी सुनाए गए जिन्हें सुनकर सारे श्रद्धालु भक्ति में मग्न हो गए। कथा के ह्रदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधि कारी, देव दास सरकार, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, सुबल मंडल, पुलिन शील, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गोविन्द सरकार, मनी मंडल, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, कविता मंडल, देवदास सरकार, माया चक्रवर्ती, साधना दास, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, अमित सरकार, रेनू साना, परेश मेहरा, आरती सरकार, सरस्वती सरकार, मंजू मिस्त्री, विश्वजीत मजूमदार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# नगर पालिका ने कूड़ा मुक्त शहर के लिये रैली निकालकर जागरूक किया

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ महोत्सव 2023 के अंतर्गत कूड़ा मुक्त शहर के लिये स्वच्छ मशाल मार्च एवं क्लीनलीनेस ड्राइव रैली का आयोजन किया। इस दौरान नगर के मुख्य चौराहों एवं मुख्य मार्गों




पर रैली निकालकर स्वच्छता संबंधी लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, अधिशासी अधिकारी श्रीमती प्रियंका आर्य, लिपिक हर्षिता पांडे, आयुषी, जय नारायण, विनय कुमार, सहित समस्त पर्यावरण मित्र पालिका कर्मी एवं डोर टू डोर कलेक्शन एजेंसी के समस्त कर्मी उपस्थित रहे।

# ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी का शीघ्र होगा गठन

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सैनी द्वारा ओबीसी कार्यकारिणी के गठन संबंधी विस्तार से वार्ता की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के प्रतिष्ठान पर पहुंचे।ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सैनी ने बैठक करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ गहन



विचार विमर्श करते हुए ओबीसी मोर्चा की कार्यकारिणी के गठन के लिए सुझाव मांगे उन्होंने कहा अति शीघ्र ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी का गठन करके उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी स इससे पूर्व ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हैप्पी चंद्रा एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया गया स इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पाल, गणेश पाल ,जितेंद्र कश्यप एवं अश्वनी कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सारथी फाउंडेशन पर राम नवमी पर बांटा प्रसाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सारथी फाउंडेशन ने रामनवमी के उपलक्ष में शनि देव मंदिर निकट पर चने का प्रसाद वितरण किया। सारथी फाउंडेशन विगत 3 वर्षों से चने का प्रसाद वितरण करती आ रही है। फाउंडेशन पर्यावरण को लेकर भी सक्रिय



है और सामाजिक कार्य व धार्मिक कार्य में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष सचिन आनंद, शालिनी शर्मा पांडे, अमित कुमार, पवन दुआ, अमित कक्कड़, ओम प्रकाश, पार्षद रणजीत सागर, सुमित आनंद, संदीप चौहान, मोनू, लीजा आनंद, पवन कुमार, अमित, सचिन मुंजाल, मनोज अरोरा उपस्थित थे।

# कार्बेट टाईगर पार्क में जंगल सफारी से रोमांचित हुए विदेशी डेलीगेट्स: बाघ, पक्षी और हाथी देखे

## मेहमानों को महिलाओं ने टीका लगाया, नाश्ते में खाया मडुवे का बिस्कुट और बाल मिठाई




ऊधमसिंहनगर/रामनगर। जी- 20 सम्मेलन में शामिल होने आए 34 विदेशी व 23 भारतीय मेहमानों ने गुरुवार की सुबह कार्बेट पार्क के बिजरानी जोन की सफारी की। तीन जिप्सियों के मेहमानों ने मचानचौड़ व चीतल रोड पर बाघ, हाथी और चीतल देखे। 20 जिप्सियों से 57 मेहमान सफारी के लिए पहुंचे थे। मेहमानों ने जंगल के सुंदर नजारों को मोबाइल में कैद कर यादों के रूप में अपने साथ सहेजकर ले गए। कार्बेट पार्क के बिजरानी जोन में मेहमान सुबह साढ़े छह बजे सफारी के लिए गए। उन्होंने अधिकारियों से नम्रतापूर्वक नमस्ते किया। सभी मेहमानों को महिलाओं ने टीका लगाया। बिजरानी में सफारी के लिए पांच रुट बनाए गए थे।प्रातः दस बजे मेहमान बिजरानी जोन में सफारी के बाद बाहर वापस लौट आए। इस दौरान प्रमुख वन संरक्षक विनोद कुमार सिंघल, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, निदेशक डा. धीरज पांडे, पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी, आइजी नीलेश आनंद भरणे, रेंजर संजय पांडे, रेंजर बिंदर पाल, रेंजर ललित मोहन आर्या मौजूद रहे।बिजरानी जोन के वन विश्राम गृह परिसर में मेहमानों को कार्बेट पार्क द्वारा प्रदर्शनी के जरिए विभिन्न जानकारी दी गई। विभाग की पालतू हथिनी लक्ष्मी, अलबेली का भी वन्य जीव संरक्षण में महत्व बताया। सीटीआर निदेशक धीरज पांडे ने मेहमानों को कार्बेट की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों, मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदम, ईको विकास समिति के कार्यों, वन्य जीव संरक्षण से ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने, पार्क से नेचर गाइड, जिप्सी मालिक, चालक आदि को रोजगार देने के बारे में बताया। गाइड्स के साथ सफारी पर गए मेहमानों ने हर चीजों के बारे में उत्सुकता जानकारी ली। गाइड भी उनकी हर जिज्ञासाओं का समाधान करते रहे। नदी, नाले पहाड़ व जंगल की सुंदरता देखकर मेहमान इतने अभिभूत हुए कि वह बार बार वाओ बोलते नजर आए। मेहमान कार्बेट के मनोहारी दृश्यों की सुंदरता की तारीफ करते रहे। मेहमानों ने चालकों व गाइड्स के अनुभव व जानकारी की सराहना भी की। कार्बेट पार्क के बिजरानी पर्यटन जोन में विदेशी मेहमानों को सकुशल सफारी कराने के पीछे निदेशक धीरज पांडे, उनके अधीनस्थ अधिकारी पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी, रेंजर संजय पांडे, रेंजर बिंदर पाल, रेंजर ललित आर्या व अन्य स्टाफ की रात- दिन की मेहनत काम आई। फरवरी के अंतिम सप्ताह में जी- 20 सम्मेलन के मेहमानों को कार्बेट पार्क में सफारी की जिम्मेदारी मिली तो इसे सकुशल संपन्न कराना चुनौती से कम नहीं था। मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा के निर्देशन में सीटीआर के निदेशक धीरज पांडे ने मेहमानों की सफारी के लिए रूपरेखा बनानी शुरू कर दी। बड़ी चुनौती मेहमानों के लिए पर्यटन जोन तय करने की थी। क्योंकि सभी पर्यटन जोन में पर्यटकों की सफारी की बुकिंग थी तथा मेहमानों को सफारी के बाद वापस दिल्ली भी लौटना था। ऐसे में उनके लिए नजदीकी बिजरानी को सफारी के लिए चुना गया। बिजरानी के पर्यटकों को अन्य जोन में शिफ्ट किया गया। मेहमानों के लिए 50 जिप्सी चालकों एवं 200 अनुभवी, भाषा व वाइल्डलाइफ के जानकार गाइड एवं जिप्सी चालक चिन्हित किए गए। इसके बाद पुलिस सत्यापन, जिप्सी की तकनीकी जांच समेत कई जांच हुई। चालक व गाइड का प्रशिक्षण के बाद कई बार रिहर्सल भी हुए। सीटीआर निदेशक धीरज पांडे बताते हैं कि टीम वर्क से यह सब हो पाया। जो लोग अपने देशों के पालिसी मेकर है, उन्हें हमारे अनुभवी गाइड्स व चालकों ने बेहतर जानकारी उपलब्ध कराई। यह हमारे के लिए खुशी की बात है। मेहमानों को सफारी कराने वाले चालकों व गाइड्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विदेशी मेहमानों को मडुवे के बिस्कुट बहुत भाए। उन्होंने बिस्कुट की पूरी जानकारी भी केएमवीएन कर्मियों से ली।गुरुवार की सुबह विदेशी मेहमान बिजरानी जोन में सफारी के लिए पहुंचे थे। यहां पर उनके नाश्ते की व्यवस्था केएमवीएन ने की थी। मेहमानों के नाश्ते में प्रसिद्ध बाल मिठाई व मडुवे के बिस्कुट भी थे। बुरांश का जूस भी था। मेहमानों को मडुवे के बिस्कुट बहुत पंसद आए। जिसके बाद उन्होंने उसके बारे में केएमवीएन के कर्मियों से पूछा। कर्मियों ने बताया कि पहाड़ी मंडुवा कैल्शियम से भरपूर होता है। प्रदेश सरकार ने मंडुवे का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी घोषित किया है। जी-20 सम्मेलन के बाद 17 देशों के मेहमान सड़क मार्ग से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामनगर से रुद्रपुर होते हुए पंतनगर पहुंचे। तीन दिवसीय जी-20 सम्मेलन के बाद गुरुवार को विदेशी मेहमान सड़क मार्ग से बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर होते हुए पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। इसे देखते हुए गुरुवार सुबह से ही पंतनगर से बाजपुर गड्प्पू तक पुलिस कर्मी डयूटी प्वाइंट पर मुस्तैद रहे। इसके लिए 15 सीओ, 21 निरीक्षक, पांच ट्रैफिक निरीक्षक, सात टीएसआइ, 100 एसआइ के साथ ही 65 एएसआइ, 240 हेड कांस्टेबल, 225 कांस्टेबल, 50 ट्रैफिक पुलिस, तीन पीएसी कंपनी की ड्यूटी लगाई गई थी।

## तीन दिवसीय समिट के बाद वापस लौटे विदेशी मेहमान

### सभी लाइजनिंग ऑफीसर्स को मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

रुद्रपुर/पन्तनगर (उद संवाददाता)। जी-20 सम्मेलन के अंतर्गत रामनगर (जनपद नैनीताल) में आयोजित चीफ साइंटिफिक एडवाइजर्स की बैठक में भाग लेने के पश्चात 17 देशों के 48 प्रतिनिधि पन्तनगर एयरपोर्ट से सांय 5 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। जिसमें से 17 प्रतिनिधि भारत से, रसिया से 04, नाईजीरिया से 01, फ्रान्स से 02, इटली से 02, यूएसए से 02, कोरिया से 01, यूनाईटेड किंगडम से 03, जापान से 01, स्पेन से 01, साउथ अफरीका से 04, ऑस्ट्रेलिया से 01, नीदरलैण्ड से 01, कनाडा 02, सउदी अरब से 03, ब्राजील से 01, चाईना से 02 से प्रतिनिधि पन्तनगर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान हिलांस आउट लेट से कोरिया, यूनाईटेड किंगडम, यूएसए तथा जापान के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न उत्पादों की खरीदारी की गई।इस दौरान विदेशी मेहमानों द्वारा पहाड़ी कला एवं संस्कृति पर आधार रंगारग कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिया। कार्यक्रम अवधि में अच्छा लाइजनिंग कार्य करने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत का अवसर न देने व डेलीगेट्स द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करने पर सभी लाइजनिंग ऑफीसर्स को मण्डलायुक्त दीपक रातव तथा जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मण्डलायुक्त दीपक रावत तथा जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कार्यक्रम आयोजन हेतु की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मण्डलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, प्रबन्ध निदेशक मण्डी आशीष भटगाई, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, तुषार सैनी, कौस्तुभ मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सहकारिता यूनिवर्सिटी और सहकारिता डाटा बेस बनेगा: शाह

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने किया उत्तराखंड की 95 संयुक्त सहकारी खेती, 95 जन सुविधा केंद्रों और 95 जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ






हरिद्वार। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को ऋषिकुल मैदान से उत्तराखंड की 95 संयुक्त सहकारी खेती, 95 जन सुविधा केंद्रों और 95 जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया। राज्य की 670 बहुद्देशीय सहकारी समितियों के पूर्ण रूप से कंप्यूटरीकरण होने पर उनका भी उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2021 में देशभर में बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण कार्य की शुरुआत उत्तराखंड में हुई थी। 17 माह बाद सभी 670 समितियों का कंप्यूटरीकरण का कार्य पूरा हो गया है। कोआपरेटिव सोसायटी के साथ 95 जन औषधि केंद्र एवं जन सुविधा केंद्रों की शुरूआत भी सबसे पहले उत्तराखंड ने की है। सहकारिता के जन औषधि केंद्रों से जनता को 50 से 90 प्रतिशत सस्ती दवाई मिल सकेंगी। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता से समृद्धि के लिए 75 वर्ष में पहली बार देश में अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया। सहकारिता मंत्रालय के माध्यम से देश के 63 हजार बहुउद्देश्यीय समितियों का कंप्यूटरीकरण करने का कार्य शुरू किया गया है। 360 सहकारी बैंक की शाखाओं और 670 बहुद्देशीय समितियों का कंप्यूटरीकरण कर उत्तराखंड सहकारिता क्षेत्र में देश में पहले नंबर पर आ गया है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा 95 जन सुविध । केंद्रों के माध्यम से भारत और उत्तराखंड सरकार की विभिन्न योजनाएं सीधे गांवों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उत्तराखंड के 95 ब्लाकों में माधो सिंह एकीकृत सामूहिक सहकारी खेती का शुभारंभ भी किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की सही नीति और नीयत से देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा शुरू की गई योजनाओं का लाभ उत्तराखंड के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक अवश्य पहुंचेगा। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ध ।मी के नेतृत्व में सहकारी समितियां पूर्ण रूप से ऑनलाइन हो गई हैं। दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना के तहत 7 लाख 80 हजार किसानों को ब्याज मुक्त ऋण दिया जा चुका है। सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि डिजिटल इंडिया के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। आत्मनिर्भर हो रहा है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, राज्यसभा सदस्य कल्पना सैनी, नरेश बसंल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रदीप कुमार, सहकारिता सचिव बीवीआर पुरुषोत्तम समेत कई नेता एवं अधिकारी मौजूद रहे। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहकारिता यूनिवर्सिटी बनाई जा रही है। राष्ट्रीय सहकारिता डाटा बेस भी तैयार किया जा रहा है। बीजों के उत्पादन और किसानों के उत्पादों के निर्यात के लिए मल्टी स्टेट कोआपरेटिव बनाए गए हैं। सहकारिता नीति भी बनाई जा रही है। कहा कि आने वाले समय में गांवों में पेयजल व्यवस्था का कार्य भी समितियों को सौंप सकते हैं। उन्होंने कहा कि छोटी जोत वाले किसानों को पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य व्यवसायों से जोड़ने का कार्य किया गया है। कोआपरेटिव के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। केंद्र सरकार ने सहकारिता के क्षेत्र में जितने भी इनिसिएटिव लिए हैं उत्तराखंड सरकार ने सभी को धरातल पर उतारकर देवभूमि के छोटे किसानों के भले के लिए कार्य किया है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्य में कृषि एवं औद्यानिकी क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे किसानों को सम्मानित भी किया। दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना के लाभार्थियों को बिना ब्याज के ऋण का चेक वितरण किए। सहकारिता मंत्री ने मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना, संयुक्त सहकारी खेती एवं बहुउद्दश्यीय सहकारिता समितियों के कम्यूटरीकरण पर आधारित डाक्यूमेंटरी का अवलोकन भी किया।

# गृहमंत्री अमित शाह ने किया पतंजलि विश्व विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

हरिद्वार(उद संवाददाता)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पतंजलि योगपीठ में पतंजलि विश्वविद्यालय के 300 करोड़ की लागत से निर्मित प्रशासनिक ब्लॉक का लोकार्पण किया। शिलापट अनावरण के बाद पतंजलि विश्व विद्यालय का भ्रमण कर ऋषिग्राम में विगत नौ दिनों से चल रहे चतुर्वेदीय महापारायण यज्ञ में पूर्णाहूति दी। योग भवन पहुंचकर गृहमंत्री ने 10 हजार से अधिक श्रोताओं को संबोधित किया। कहा कि मुझे पतंजलि आकर सदैव नई ऊर्जा, नई चेतना, नई आशा मिलती है। मन में शांति व संतोष लेकर जा रहा हूं कि पतंजलि परिवार आने वाले दिनों में कई क्षेत्रों में देश का पुनरोद्धार करेगा। पतंजलि विश्वविद्यालय पहुंचने पर स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। गृहमंत्री ने कहा कि योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के क्षेत्र में स्वामी रामदेव ने विगत 25 साल में अभूतपूर्व योगदान दिया है। योग-आयुर्वेद और स्वदेशी के आंदोलन के साथ-साथ बाबा रामदेव ने अब शिक्षा के क्षेत्र में कदम बढ़ाए हैं। भारतीय शिक्षा बोर्ड, पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय और पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज के माध्यम से मूल भारतीय परंपरा से हमारे चीर पुरातन ज्ञान को नई ऊर्जा मिल रही है। जल्द ही स्वामी रामदेव की एक लाख विद्यार्थियों वाली पतंजलि ग्लोबल यूनिवर्सिटी और पतंजलि ग्लोबल गुरुकुलम् का सपना



पूरा होगा। गृहमंत्री ने कहा कि स्वामी रामदेव को देखता हूं तो इनमें आयुर्वेद और योग को पुनर्स्थापना करने वाला योगी, मल्टी नेशनल कंपनी के खिलाफ लड़ने वाला स्वदेशी का पुरोधा, विदेशों में योग का एंबेस्डर, कालेधन के खिलाफ संघर्ष करने वाला संन्यासी और शिक्षा का संपूर्ण स्वदेशीकरण करने वाला संकल्पवान शिक्षाविद् दिखता है। इनमें वैदिक शिक्षा को पुनः जीवित करने का भगीरथ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आचार्य बालकृष्ण को देखकर आश्चर्यचकित हूं कि वो कैसे कंप्यूटर की तरह आयुर्वेद के रहस्य समझा रहे हैं। आयुर्वेद में 500 से अधिक रिसर्च पेपर्स पब्लिश करना बहुत बड़ी बात है। कहा कि पतंजलि संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा निर्मित मृदा परीक्षण मशीन 'धरती का डॉक्टर' का अवलोकन किया, यह अद्‌भुत मशीन है। स्वामी रामदेव ने कहा कि हम भारतीय शिक्षा बोर्ड तथा पंतजलि विश्वविद्यालय के माध्यम से शिक्षा के स्वदेशीकरण का कार्य करने जा रहे हैं। कहा कि सब देशवासियों के रोम-रोम में राम के प्रति आस्था है। भगवान राम हमारे जीवन से लेकर पूरे जगत में प्रतिष्ठित हों। राम मंदिर के प्रति लोगों का सपना था कि उनकी आंखों के सामने यह ऐतिहासिक कार्य हो जाए। राम मंदिर की स्थापना और धारा 370 खत्म कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को सौगात दी है। आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि की शोधपरक गतिविधियों से गृहमंत्री को अवगत कराया। कहा कि नव सन्यासी ऊर्जा से भारतीय संस्कृति और सनातन वैदिक परंपरा को पुनः स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित हैं। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जैविक कृषि क्षेत्र में पतंजलि ने 19 से ज्यादा राज्यों में लगभग एक लाख से ज्यादा किसानों को जैविक कृषि से जोड़ा है। कहा कि इस देश के लिए जो आवश्यकता, संस्कृति, मर्यादा और परंपराओं के अनुसार जरूरी है पतंजलि उसे वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

Dhillon Car Care
Kichha Bypass Road, Opp. Mahindra Showroom,Rudrapur
♦ Multi brand Car Service
♦ Complete Car Care
♦ Transparent Pricing
♦ Genuine Spare Parts
♦ Worldwide Network
♦ Value Added Benefits
Expert Service For Smoother rides.
BOSCH Service
Car Service
Laddi Dhillon 9045951313
Bhagwant Singh Dhillon 7409801313

# रामनवमी पर रामभक्तों ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री राम भक्त सेवा समिति द्वारा श्री राम नवमी का पर्व पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष रक्षित चिलवाल व उपाध्यक्ष प्रणय बाली ने कहा कि समिति द्वारा राम के नाम पर शहर में भव्य आयोजन हमेशा किया जाएगा ताकि हमारी संस्कृति और धर्म सुरक्षित रह सके। शोभा यात्रा का प्रारंभ रामलीला मैदान में हवन कराकर किया गया। आरंभ में छत्रपति शिवाजी जी की झांकी से प्रारंभ हुआ। मुख्य आकर्षक का केंद्र काली की





झांकी, राधा कृष्ण की झांकी और राम दरबार रहा। इस शोभायात्रा में भगवा झंडे व बैंड बाजे, झांकियां और क्षेत्र के वरिष्ठ जन, आम जनमानस व युवा वर्ग शामिल रहे। शोभा यात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर नैनीताल मार्ग से होते हुए तिकोनिया, बरसाती नहर, रोडवेज, रेलवे बाजार, मीरा मार्ग, सिंधी चौराहा, कालू सिद्ध बाबा मंदिर से होकर वापस रामलीला मैदान में समाप्त हुई। राम दरबार के साथ-साथ शहर के नागरिकों को शोभायात्रा में प्रसाद वितरण भी किया गया। शोभायात्रा में विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हरबोला हरिमोहन अरोरा, विवेक कश्यप, हितेश पांडे, राजीव जायसवाल, गोविंद बगड़वाल, हिंदू जागरण मंच नगर अध्यक्ष पवन बिष्ट, चंद्रशेखर परगाई, प्रियांशु आर्य, गौरव वर्मा, पियूष सांगा, राकेश बगड़वाल, शैलेन्द्र बाली, रविन्द्र बाली, गौरव तिवारी, शंकर कोरंगा, भुवन आर्य, गणेश आर्य, हितेश चंद्र शर्मा, चंपा सिलवाल, रीना बाली, अंजू बाली, रैनी, अर्जुन कनवाल, भरत जोशी सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

# मौर्य क्रिकेट एकेडमी ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में जिले में चल रही जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के पांच दिन



ऐमिनिटी क्रिकेट ग्राउंड पर मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर और एमेनिटी मदन लाल क्रिकेट एकेडमी के मध्य मैच खेला गया। आज के मैच के मुख्य अतिथि अनहद इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी रोहित हुड़िया द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर के मैच को शुभारंभ किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से मैच खेलने की सलाह दी और लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए उत्साह वर्धन किया। एमेनिटी एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 45 ओवरों के खेल में सभी विकेट खोकर 191 रन बनाए। ऐमिनिटी की तरफ से शहान रावत ने 91 , अभिमन्यु ने 25 और अभिनव शर्मा ने 19 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। मौर्य एकेडमी की तरफ से विनय कुमार और सलमान अली ने 3-3 विकेट , और शांतनु रघुवंशी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर ने 42 ओवरों में 3 विकेट खोकर 192 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें कप्तान विजय जेठी ने नाबाद 61 रनों की पारी खेली व उनका साथ सलमान अली ने 56 रनों की नाबाद पारी की बदौलत मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर ने 7 विकेट से यह मैच जीतकर अपने ग्रुप में तीनों मैच जीत लिए और 12 अंक प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। हरफनमौला खेल के लिए सलमान अली को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। के मैच के अंपायर सत्येंद्र मिश्रा और अमनदीप ऑनलाइन स्कूल विदिशा कर, मैच रेफरी राजेंद्र कुमार रहे। इस अवसर पर गौरव तिवारी, आफताब आलम, बलवंत सिंह, इंद्रनील कर, नूर आलम और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजक समिति ने बताया है कि कल ऐमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर एमके स्क्वायर काशीपुर और रूद्र लायंस क्रिकेट एकेडमी रुद्रपुर के मध्य सुबह 9:00 बजे से मैच खेला जाएगा।

# राम नवमी पर विहिप ने धूमधाम से निकाली रामोत्सव यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व हिंदू परिषद के रामोत्सव कार्यक्रम के तहत रामोत्सव शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मंच संचालन विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा ने किया विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री उमाकात ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में देश विरोधी गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, देश विरोधी विचारधारा वाले लोग आकर सरकारी भूमि कब्जा रहे हैं, उन्होने भूमि जिहाद, लव जिहाद पर चिंतन व्यक्त की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह समर पाल ने भगवान श्रीराम के आदर्शों के बारे में बताते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री राम ने हिंदू समाज को जोड़ने का कार्य किया ठीक उसी प्रकार हम भी भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर अपने समाज को जोड़ने का कार्य करें। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि स्नेह पाल ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना क्यों की गई और किस लिए की गई इसके संबंध में बताया एवं उन्होंने बताया कि युवा शक्ति हिंदू समाज तथा संस्कृति के बारे में बताया। जिससे कि अपने हिंदू समाज को जागृत कर सके और उनको अपने साथ जोड़कर अपने समाज के लिए कुछ कार्य करने के लिए कह सकें,



और उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू समाज को जागृत करने के लिए विश्व हिंदू परिषद कार्य करता है जैसे कि लव जिहाद, लैंड जिहाद विषय में बोला एवं समाज कार्य एवं समाज का जागरण करने हेतु विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य संगठन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं जैसे कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दुर्गा वाहिनी, बजरंग दल, ऐसे अन्य कई संगठन बने हैं जो हिंदू समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं इस विषय में स्नेहपाल ने भी उद्‌बोधन दिया। शोभा यात्रा में विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष रविंद्र पाल , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जितेंद्र जी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जिला धर्म प्रसार सुल्तान सिंह, मुकेश पारीक , प्रखंड अध्यक्ष भुवन जोशी, प्रखंड उपाध्यक्ष अजय पाल, राजू बिष्ट, प्रखंड मंत्री जोगेंद्र, प्रखंड सह मंत्री सुदेव दास गुप्ता, बजरंग दल नगर संयोजक हैप्पी सिंह, मेयर रामपाल सिंह,पूर्व विधायक राजकुमार, उत्तम दत्ता, सत्यप्रकाश चौहान, अनिल चौहान,संजय ठुकराल,आशीष छाबड़ा, अजय अनेजा, गुलशन बठला,क्षेत्र संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत लाखन सिंह, संदीप वाल्मीकि सुधीर देवल , शुभपाल, अखिलेश अग्रवाल, मनीष राघव , मनीष कश्यप, जुगल बल्लम गोस्वामी, नगर कार्यवाह विजय बहादुर मौर्य, नगर प्रचारक त्रिभुवन, अभिषेक तिवारी, मुकेश चौहान , बंटी राजोरिया , राष्ट्रीय सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका कमलेश बिष्ट नगर कार्यवाहिका अंजलि सक्सेना. पूजा शर्मा, रूबी, शैली बंसल, एवं दुर्गा वाहिनी की बहने सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अमृतपाल के मंसूबे

पंजाब में अलगाववाद को भड़काने की कोशिश करने वाले अमृतपाल सिंह ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी है।करीब बारह दिन पहले वह चकमा देकर पुलिस की घेराबंदी से भाग निकला था और अभी तक भेष बदल कर छिपा फिर रहा है। मगर दो दिन पहले उसने एक वीडियो जारी कर जिस तरह अपने ऊपर पुलिस कार्रवाई को पूरे सिख समुदाय पर हमला बताया और बैसाखी पर 'सरबत खालसा' की बैठक बुलाने का आह्वान किया है, उससे जाहिर है कि उसके मंसूबे कमजोर नहीं हुए हैं।उसने वीडियो में कहा भी है कि 'मैं पूरे जोश में हूं, मुझे कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता'। इस वीडियो के आने के बाद पुलिस एक बार फिर सक्रिय हो गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह आत्मसमर्पण कर सकता है। मगर उसके वीडियो संदेश से लगता नहीं कि वह आसानी से काबू में आने वाला है। उसने पुलिस कार्रवाई को सिख समुदाय पर हमला बता कर वही खेल खेलने की कोशिश की है, जो भिंडरांवाले ने खेला था। अमृतपाल उसी रणनीति के तहत शुरू से गुरुग्रंथ साहब को आगे करके चलता रहा है। मगर सच्चाई यह है कि उसे कुछ दिग्भ्रमित लोगों का समर्थन तो जरूर मिला, मगर पूरे सिख समुदाय का समर्थन हासिल नहीं हो सका। वह हो भी नहीं सकता, यह बात वह अच्छी तरह जानता है। इसीलिए वह लोगों का भावनात्मक दोहन करने का प्रयास कर रहा है। मगर यह सवाल अभी तक अनुत्तरित है कि अमृतपाल पुलिस घेरे के बीच से भागने में कामयाब कैसे हो गया। फिर वह इतने दिनों तक बचता कैसे फिर रहा है। पुलिस के पास इतने अत्याधुनिक सूचना उपकरण हैं, वह उसकी टोह लेने में कैसे विफल साबित हो रही है। कभी कहीं उसकी तस्वीर देखी जाती है तो कभी दूसरी जगह। पुलिस इस बात से अनजान नहीं मानी जा सकती कि जब तक वह उसकी चंगुल से बाहर रहेगा, उसके उपद्रव मचाने की आशंका भी बनी रहेगी। सवाल यह भी है कि जब अजनाला थाने पर उसने अपने हथियारबंद समर्थकों के साथ हमला कर अपने एक साथी को छुड़ा था, तभी पुलिस ने उसके खिलाफ सख्ती क्यों नहीं बरती। वह कई दिनों तक खुलेआम साक्षात्कार और भड़काऊ बयान देता रहा। देश की सरकार को चुनौती देता रहा। इस ढिलाई की वजह से पंजाब सरकार पर स्वाभाविक ही अंगुलियां उठती रहीं। जब केंद्र के सहयोग से कार्रवाई शुरू भी हुई, तो वह लचर ही साबित हुई। पंजाब सीमावर्ती राज्य है और वहां आतंकी गतिविधियों के पैर पसारने की आशंका सदा बनी रहती है। यह भी बात छिपी नहीं है कि खालिस्तान का झंडा उठाए उपद्रवियों को सीमा पार से समर्थन हासिल है। ऐसे में अमृतपाल जैसे अलगाववादियों के खिलाफ किसी भी तरह की लापरवाही एक तरह से सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती है। अगर समय रहते अमृतपाल पर शिकंजा कस लिया गया होता या उसे बातचीत के जरिए शांत करने का प्रयास किया गया होता, तो वह आज इस तरह फरारी में भी भड़काऊ वीडियो जारी न करता। पंजाब पहले ही अलगाववाद की आग में झुलस चुका है। हालांकि पंजाब के आम नागरिक कभी नहीं चाहते कि उन्हें अलग किया जाए, मगर कुछ गुमराह लोगों की वजह से उन्हें अशांति झेलनी पड़ती है। एक गणतांत्रिक देश में किसी भी तरह की अलगाववादी गतिविधियों को सिर उठाने की स्थिति नहीं होनी चाहिए। अमृतपाल को पकड़ने में पुलिस की विफलता उसके हौसले बढ़ाने में ही मदद करेगी।

# चमोली में खुलेगा कीड़ा जड़ी संकलन केंद्र : मनसुख मांडविया

चमोली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया आज दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। सुबह जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और मंत्री मदन कौशिक ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर से दोपहर 12 बजे चमोली जनपद से लगी चीन सीमा क्षेत्र के मलारी गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्र में पाई जाने वाली कीड़ा-जड़ी के लिए चमोली जिले में एक संकलन केंद्र खोला जाएगा। जहां स्थानीय लोग उचित दाम पर इसे बेच सकेंगे। साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ का नाम चिपको नेत्री गौरा देवी के नाम पर रखने पर भी सहमति व्यक्त की। उन्होंने स्थानीय लोगों से बात की। कहा कि यहां पहुंचकर पता चल रहा है कि सीमांत क्षेत्र के गांवों में भी ज्यादातर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से केंद्र सरकार की योजनाओं पीएम आवास, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, फ्री राशन, बिजली, पानी, मोबाइल कनेक्टिविटी आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्र में अच्छी सड़कें हैं, नेटवर्क कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य की सुविधाएं बेहतर हुई हैं। सुविधाएं बढ़ने से धीरे-धीरे पलायन कम हो रहा है। वाइब्रेंट विलेज के तहत सब तरह के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में हिमालयी क्षेत्र में एडवेंचर गेम्स को लेकर रूचि बढ़ रही है, हमें इस दिशा में भी काम करना है। कहा कि यहां मोबाइल कनेक्टिविटी में सुधार किया जाएगा। उन्होंने सीडीओ डॉ. ललित नारायण मिश्र को वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक जीवन उपयोगी और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कहा।

# मूर्ख दिवस पर विशेष : 'सावधान' कल एक अप्रैल है

जी हाँ! कल एक अप्रैल का दिन है, जिसे सभी दुनिया भर के लोग 'मूर्ख दिवस' (अप्रैल फूल) के रूप में मनाते हैं। वैसे इस विषय पर काफी विवाद हैं कि 'मूर्ख दिवस' हमारे देश से सर्वप्रथम प्रचलन में आया अथवा विदेशों से होते हुये हमारे यहाँ आया? खैर हमें इस पचड़े में नहीं पड़ना है। हमें तो इस मूर्ख दिवस के अवसर पर कुछ चुनिंदा एवं मजेदार मूर्ख बनाने एवं बनने की कुछ घटनाओं से दो चार होना हैं। यहाँ यह कहना जरूर लाजिमी होगा कि जिस दिमाग में भी इस मूर्ख दिवस का फितूर आया होगा वह कोई महामसखरा व विनोदप्रिय व्यक्ति ही हो सकता है। वैसे इस संबंध में एक बात याद आ रहीं है। (यह बात मूर्ख दिवस मनाये जाने के पूर्व की हैं।) किसी समय किसी स्थान के बुद्धिजीवी व्यक्तियों ने वह महसूस किया था, कि हम रोजाना रोजी रोटी तथा अन्य सामान्य जन जीवन के कार्यों को निपटाते निपटाते. कुछ दूर होते जा रहे हैं। आपसी संबंधों में दूरियाँ बढ़ती जा रही हैं। जीवन नीरस होता जा रहा है, अस्तु कुछ ऐसा किया जाये कि किसी बहाने एक दूसरे के करीब आने का मौका मिले व मनोरंजन भी हो। तभी किसी फितरती इंसान ने इस मूर्ख दिवस का यानि मूर्ख बनाने का सुझाव दिया जो उपस्थित सभी लोगों को खूब भाया। शायद, तभी से मूर्ख दिवस मनाने की प्रथा शुरु हुई। अमेरिका के विख्यात राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन बहुत विनोदप्रिय थे। एक बार उन्होंने वाशिंगटन के राष्ट्रपति निवास 'व्हाईट हाउस' के उद्यान में घूमते समय एक बार क्यारी में भटक आये माली के पुत्र की गोद में उठा लिया और उसे व्हाईट हाउस के छोटे से कमरे में ले गये? वहाँ उन्होंने बालक को ऊपर उठाकर कहा कि इनाम लेना चाहते हो तो इन दो दिवारों और बुत पर अपने पैरों के निशान बराबर की दूरी पर बना दो। फिर वे बच्चे को गोद में उठाये - उठाये ही बगीचे में वापिस पहुँचा दिया। जब व्हाइट हाऊस के सुरक्षा कर्मचारियों को उक्त पद चिन्ह दिखाये गये तो वे जासूसों की मदद से घंटों तक इस बात का पता लगाने के लिये परेशान रहे कि एक खिड़की से कमरे में आकर दीवार, छत और दूसरे दीवार पर चलकर दूसरी खिडकी से बाहर निकलने वाला प्राणी कौन था, और कहाँ से आकर कहां गया कि कहीं भी उसके पदचिन्ह नहीं हैं। यह घटना भी घटी थी एक अप्रैल को ही। ब्रिटेन में प्रेक्टिकल मजाक करने वालों में विलियम होसकोल रहे हैं, जो भूतपूर्व प्रधानमंत्री नेवेली चेम्बरलेन के साले थे। कोल ने एक बार अपने कुछ साथियों को मजदूरों की पोशाक पहनाई और सड़क रोकने के निशान बना, खुदाई के औजार लेकर लंदन के सबसे व्यस्त और भीड़ भरे इलाके पर धावा बोल दिया। इन लोगों ने बान स्ट्रिट के पास मुख्य सड़क के हिस्से के चारों ओर रस्से तान दिये और बडे इत्मीनान से सड़क की खुदाई शुरू कर दी। पी डब्ल्यू डी गेंग प्रतीत होने वाले इस दल की सहायता के लिये शीघ्र दो पुलिस मेन भी आ पहुंचे, जिन्होंने दोनों ओर खड़े होकर यातायात को रोकना शुरु कर दिया। कोल और उनके साथी सड़क को गज - गज भर खोदकर शाम को गायब हो गए तब तक क्या अगले दिन भी किसी को शक नहीं हुआ कि यह सब नकली था। जब दो दिन तक सड़क यों ही रुकी रहीं और काम पर नहीं लौटे तो पी डब्ल्यू डी से पूछताछ की गई तब यह राज खुला कि वे सभी लोग बुरी तरह से मूर्ख बनाये गये थे। जर्मनी और नार्वे के लोग तो इस पर्व में इतनी ज्यादा रुचि रखते हैं कि एक दिन से उनका मन नहीं भरता और अप्रैल माह के अंतिम दिन को भी उसी रूप में मनाते हुए अपने मन की कसर पूरी करते हैं। जर्मनी में ही घटित एक अप्रैल को घटित एक घटना का विवरण है। एक बार न्यूरेअम्बस नगर के प्रमुख बाजार में, एक नया विशाल जनरल स्टोर अप्रैल से खुलने वाला था। स्टोर का मालिक अपने कर्मचारी दल को साथ लेकर स्टोर का उद्घाटन करने पहुँचा तो वह देखकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा कि उसके दुकान के सामने उम्मीद से कहीं ज्यादा भारी भीड़ इकट्ठी हो गई हैं। जैसे तैसे वह भीड़ को हटाकर दुकान के पास पहुँचा और जैसे ही मुख्य दरवाजा खोलने के लिये बढ़ा तो उसकी नजर दरवाजे की ऊपर वाले भाग पर पड़ी और चकराकर गिरने ही वाला था कि उसे उसके कर्मचारियों ने पकड़ लिया और जब वे प्रश्न सूचक नेत्रों से उसकी ओर देखे तो कुछ पाया कि वह ऊपर की ओर इशारा कर रहे थे - जहाँ शायद रात को ही किसी ख मसखरे ने बड़े - बड़े शब्दों में लिखा था - पहले दिन हर चीज आधी कीमत में मिलेगी।ष कभी- कभी मूर्ख बनाने के चक्कर में ऐसा वाक्यात भी घटित हो जाता है कि मूर्ख बनाने वाल ही स्वयं मूर्ख बन जाता है। अब जैसा कि निम्न घटना में आप स्वयं पता लगाने की जहमत उठायें कि कौन किसको मूर्ख बना गया। घटना वही एक अप्रैल की हैं। जबलपुर में हमारे एक मित्र रहते हैं। कमल ठाकुर। उन्होंने क्या किया कि झूठ मूठ का ही अपनी शादी की निमंत्रण पत्र अपने कुछ इष्ट मित्रों को बांट दिया । उन्होंने सोचा था कि एक अप्रैल को जब सभी लोग उनके द्वारा दर्शाये वैवाहिक स्थल पर पहुँचेंगे तो वहाँ कुछ भी न पाकर वे सभी अच्छा मूर्ख बनेंगे। लेकिन इस दिन कुछ हुआ यूँ कि कुछ मित्र तो जरूर उनके जाल में फँसकर उनके बताये स्थान पर पहुँचकर अच्छा बुद्धू बन बैठे। लेकिन उनके कुछ मित्र शायद कुछ ज्यादा ही चतुर थे उन लोगों ने सीधे ही उनके घर पर गिफ्ट पैक भेज न आ पाने पर संवेदना प्रकट किया । जब सभी गिफ्ट पहुँचे तो वे बहुत खुश हुये कि चलो इसी बहाने उपहार भी प्राप्त हुआ और जब उन्होंने उपहारों के पैकेट खोलना शुरू किया तो उनकी हालत देखने योग्य थी। शायद आप सभी समझ ही गये होंगे। उन पैकेटों में उन्हें मूर्ख बनाने की एक से एक अमूल्य सामग्री मुंह बाए उनके सामने विद्यमान थी। ऐसे ही एक अन्य घटना में एक व्यक्ति ने तो हद ही कर डाला। अप्रैल फूल दिवस का उसने तो बड़ी अजीबो गरीब तरीके से उपयोग कर डाला था। हालांकि जिससे लोग बुद्धू तो बने ही लेकिन और भी कुछ हुआ जो कि उसका उद्देश्य ही नहीं है। है न आश्चर्य की बात, साथ ही साथ उसने अपने जीवन को अहम मोड़ दे दिया। हुआ कुछ यूँ एक महाशय थे उनको चढ़ा इश्क का भूत! किसी लड़की से उन्हें बेपनाह मुहब्बत हो गई। लड़की भी उनकी और आकर्षित थी। लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पा रही थीं यानि इजहारे मोहब्बत नहीं हो पाया था। सो उसका इलाज हमारे इस मजनूं महोदय ने मूर्ख दिवस में ही खोज डाला । इत्तफाक ऐसा ही हुआ कि जब वो तड़फ रहे वे प्यार के इजहार के लिये तभी अप्रैल फूल का दिवस भी आने वाला था। अकस्मात उन्होंने एक पत्र अपनी प्रेमिका को जो ऊपरी तौर पर देखने से लगता था अप्रैल फूल बनाने के लिये किसी ने (लड़की की) पत्र लिखा है। जो कि उन्होंने उसके घर वालों को पता न चल पाये, इसलिये लिखा था। परंतु वास्तव में वह प्रेम पत्र था जिसे उनकी प्रेयसी ने समझ लिया ,और उनके अनोखे इजहारे मोहब्बत पर बड़ा प्यारा सा खत जवाब में दिया। परिणामत: दोनों कालांतर में. परिणय सूत्र में बंध गये। बाद में लड़की के घर वालों को जब इन महाशय के प्रेम पत्र यानि अप्रैल फूल के पत्र का पता चला तो वे बड़े हतप्रभ रह गये कि क्या बड़े सुहावने व प्यारे अंदाज से अप्रैल फूल बनाया गया था उन्हें । कभी-कभी ऐसे मजाक का पासा पलटने पर लेने के देने भी पड़ जाते हैं। तो जनाब इस बात के लिये हमेशा सतर्क रहिये कि किसी को मूर्ख बनाने से पूर्व उसके साथ किया जाने वाला मजाक फूहड़ न हो।मजाक सीमा के अंदर हो ताकि मूर्ख बनने वाला भी उसे बड़ी सहजता के साथ ले। अन्यथा बात बिगड़ने में जरा भी वक्त नहीं लगता है। जैसे ही एक साहब अपने आपको बहुत मसखरा समझते थे। इसी चक्कर में वे एक दिन बड़े स्टोर पर पहुँचे और एक छोटा सिक्का काउंटर पर फेंकर कर कहा षदिया सलाई की पेटी चाहिये।ष सेल्समेन पेटी ले आया तो उन्होंने उसे अपना कार्ड थमाकर रौब से आदेश दिया कि घर पहुँचा देना। सेल्समेन भी सवा सेर था। उस समय तो सिर्फ झुककर सलाम करता हुआ चुप रहा, लेकिन बाद में स्टोर का भीमकाय ट्रक लेकर गया और ट्रक से ग्राहक महोदय के बगीचे की दीवार गिराकर फूल की क्यारियाँ रौंदता हुआ उनके दरवाजे के सामने गाड़ी खड़ी कर नम्रता पूर्वक बोला- श्रीमान जी, दियासलाई की पेटी हाजिर हैं। उन मसखरे साहब ने जब बगीचे की दुर्गति देखी तो अपना माथा पीट डाला। तो अप्रैल फूल यानि मूर्ख दिवस के लिये आप सभी नयी नयी युक्ति भिड़ानी शुरु कर दीजिये। अपने मित्रों, परिचितों, रिश्तेदारों में खोजिये कि किसे मूर्ख बनाना है और तैयार हो जाइये मूर्ख दिवस के लिये। लेकिन सावधान इस दिन मूर्ख बनाने के चक्कर में स्वयं आपको भी कोई मूर्ख न बना ले इसके लिये खबरदार रहिये। खैर! बन भी जाते हैं तो कोई बात नहीं ये दिन ही तो हैं कि मूर्ख बनाया जाये। और बना भी जाये।

**-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**

# विधानसभा सचिवालय में भर्ती नियमावली का प्रस्ताव तैयार

देहरादून। विधानसभा सचिवालय में अब कर्मचारियों की भर्ती में मनमानी नहीं चलेगी। इसके लिए विधानसभा भर्ती एवं सेवा नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया है। नियमावली में अन्य विभागों की तर्ज पर विधानसभा सचिवालय में खाली पदों की भर्ती लोक सेवा आयोग व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कराने का प्रावधान किया जा रहा है। इसके अलावा जरूरत के हिसाब से पदों का ढांचा भी निर्धारित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने नियम विरुद्ध तदर्थ नियुक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाया था। जिसमें 2016 से 2021 में तदर्थ आधार पर नियुक्त 228 कर्मचारियों की विशेषज्ञ जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सेवाएं समाप्त की गई। भविष्य में विधानसभा सचिवालय में होने वाली नियुक्तियां नियम व पारदर्शिता हो। इसके लिए स्पीकर ने नियमावली में संशोधन की पहल की थी। विधानसभा सचिवालय में भर्ती एवं सेवा नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। नियमावली में सीधी भर्ती के साथ ही पदोन्नति के नियमों में संशोधन किया जा रहा है। इसमें विधानसभा सचिव पद के लिए न्यायिक सेवा अधिकारी या विधानसभा व संसद के किसी अनुभवी अधिकारी को प्रतिनियुक्ति तैनात करने का प्रावधान किया जा सकता है। तदर्थ आधार पर नियुक्तियों के बजाय लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से खाली पदों पर भर्ती की जाएगी। विधानसभा को प्रशासकीय विभाग बनाने के प्रावधान को समाप्त किया जा सकता है। इसके अलावा नियमावली में स्पीकर को विशेष दशा में कर्मचारियों के अनुभव व शैक्षिक योग्यता के आधार पर छूट देने, छह महीने में पद सृजित करने की व्यवस्था को खत्म किया जाएगा। विधानसभा सचिवालय में जरूरत के अनुसार पदों का युक्तिकरण का ढांचा बनाया जाएगा। राज्य गठन के बाद उत्तराखंड में उत्तर प्रदेश विधानसभा भर्ती एवं सेवा नियमावली 1974 लागू थी। 2011 में उत्तराखंड विधानसभा भर्ती एवं सेवा नियमावली बनाई गई। वर्ष 2015 व 2016 में नियमावली में कई संशोधन किए गए थे।

# पॉलीहाउस लगाने पर किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान देगी सरकार, नाबार्ड ने दी 280 करोड़ रूपये की मंजूरी

देहरादून। उत्तराखंड में बेमौसमी सब्जी और फूलों की संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार पॉलीहाउस को बढ़ावा दे रही है। पॉलीहाउस लगाने पर किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से 18 हजार क्लस्टर आधारित पॉलीहाउस लगाने के लिए 280 करोड़ की मंजूरी दे दी। इन पॉलीहाउस के लगने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख लोगों को स्वरोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन 2025 के तहत प्रदेश में औद्यानिक फसलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने प्रदेश में 50 हजार पॉलीहाउस लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बजट में 200 करोड़ का प्रावधान किया है। सब्जी और फूलों की खेती के लिए नाबार्ड की ओर से ग्रामीण आधारभूत सुविधा विकास निधि (आरआईडीएफ) के तहत 18 हजार पॉलीहाउस लगाने की मंजूरी दी है। इसके लिए 280 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। पॉलीहाउस लगाने के लिए किसानों को कुल लागत का 20 प्रतिशत राशि देनी होगी। शेष 80 प्रतिशत राशि सरकार की ओर से सब्सिडी के रूप में दी जाएगी। 18 हजार पॉलीहाउस में से 12 हजार में सब्जी उत्पादन किया जाएगा। वर्तमान में 6.57 लाख मीट्रिक टन सब्जी उत्पादन किया जाता है। पॉलीहाउस लगने से उत्पादन को 7.50 लाख मीट्रिक टन या 15 प्रतिशत की प्रतिवर्ष वृद्धि का अनुमान है। इसी तरह 6 हजार पॉलीहाउस में फूलों की खेती की जाएगी। इससे कट फ्लावर उत्पादन का वर्तमान कारोबार 30.22 करोड़ से बढ़ कर 37 करोड़ तक होगा। जो पुष्प उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की प्रतिवर्ष वृद्धि होगी। राज्य में उत्पादित सब्जियों व फूलों की बिक्री के लिए स्थानीय मंडियों के साथ दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ की मंडियों में भी ताजे व गुणवत्तायुक्त उत्पाद समय से पहुंचने के कारण उचित मूल्य प्राप्त होगा। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जी व फूलों की खेती से किसानों की आय प्राप्त होने से सामाजिक एवं आर्थिक वृद्धि से पलायन में कमी आएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत स्थापित होने वाली 1791 इकाइयों को राज्य से ही कच्चे माल की आपूर्ति संभव होगी।

# नौ कंपनियों को सौंपा केदारनाथ हेली सेवा संचालन का जिम्मा,जल्द शुरू होगी ऑनलाइन बुकिंग

देहरादून। चारधाम यात्रा में केदारनाथ हेली सेवा का संचालन नौ कंपनियों को सौंपा गया है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर तीन साल तक हेली सेवा संचालन के लिए कंपनियों के साथ अनुबंध किया है। अब अप्रैल के पहले सप्ताह से आईआरसीटीसी से हेली सेवा टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू करने की तैयारी है।22 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के लिए यूकाडा ने केदारनाथ हेली सेवा के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। गुप्तकाशी, फाटा व सिरसी हेलीपैड से नौ एविएशन कंपनियों के साथ हेली सेवा का अनुबंध कर काम आवंटित कर दिया है। सरकार ने किराया बढ़ोतरी के लिए ऊपरी सीमा तय की थी। जिस कारण तीन साल के बाद भी हेली सेवा का किराया बढ़ाने में कंपनियों की मनमानी नहीं चली है।गुप्तकाशी से केदारनाथ हेली सेवा के दोनों तरफ के किराये में 10 रुपये की कमी आई है। फाटा से हेली सेवा के किराये में 780 रुपये और सिरसी से 818 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। यूकाडा के सीईओ सी. रविशंकर ने बताया कि केदारनाथ हेली सेवा संचालन का नौ कंपनियों को काम आवंटन करने के साथ ही तीन साल के लिए अनुबंध किया गया। जल्द ही हेली सेवा के टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू की जाएगी। इसके लिए आईआर सीटीसी की वेबसाइट का ट्रायल चल रहा है।गुप्तकाशी से केदारनाथ के लिए ट्रांस भारत, आर्यन एविएशन, फाटा से केदारनाथ के लिए पवन हंस, कैस्ट्रल एविएशन, ग्लोबल विक्ट्रा, थंबी एविएशन कंपनी, सिरसी से केदारनाथ के लिए हिमालयन हेली, कैस्ट्रल और एयरो एविएशन के माध्यम से हेली सेवा संचालित होगी। आईआरसीटीसी ने हेली सेवा टिकटों की बुकिंग के लिए वेबसाइट heliyatra-irctc-co-in तैयार की है। इस वेबसाइट पर यात्रियों को टिकट बुकिंग की सुविधा मिलेगी।

# ग्रामीणों ने भरी हुंकार: सुरंग में बारूदी विस्फोट करने से थरथरा रहा पूरा गाँव

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर–पिथौरागढ़ जिले की सीमा पर सरयू नदी में बनाए जा रहे जलविद्युत परियोजना एक बार फिर विवादों में आ गई है। योजना का निर्माण। नदी के जलस्तर। योजना निर्माण से सूखाग्रस्त क्षेत्र धुराफाट क्षेत्र के दर्जनों गांवों की पेयजल योजना परियोजना के निर्माण से बंद हो सकती है। वैसे ही नदियों के घटते जलस्तर के बीच क्षेत्र के लिए दो पेयजल पम्पिंग योजना बनाई जा रही है। उसके बाद योजना निर्माण में भी अनदेखी से पूर्व में मिलीभगत से गलत जांच रिपोर्ट से योजना का निर्माण कराया जा रहा है। अरबों की लागत से योजना का नाम भी कागजों में गलत दर्शाया गया है। जबकि योजना बागेश्वर जिले के कठानी गांव के नाम से स्वीकृत दिखाई गई है।जबकि नैनीताल जिले के खुटानी नाम से योजना का नाम कागजों में दर्ज कराया गया है। जबकि योजना कठानी में दिखाकर योजना मूल स्थान से तीन किमी दूरी पर बनाई जा रही है वही योजना निर्माण में मिलीभगत से कोई भी पेयजल योजना। शवदाह गृह श्मशान घाट।मंदिर। खेत खलिहान। और कोई पर्यावरणीय नुकसान नही होने को लेकर रिपोर्ट बनाकर केंद्र सरकार और पर्यावरण मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी गई है। वही पूर्व में बिना स्वीकृति के ही निर्माण कर रही



कंपनी द्वारा निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया था। योजना के बनने से दो जिलों की आस्था का केंद्र सत्तेश्वर मशाण मंदिर शिवालय और सरयू नदी भद्रगाड़ नदी के संगम तट पर स्थित शमशान घाट को भी छुपाया गया है वही दो जिलों को जोड़ने वाला पैदल पुल भी डूब क्षेत्र में आ रहा है। वही लोगों की प्यास बुझाने वाली सरयू नदी में डैम बनाए जाने से धुराफाट क्षेत्र के दर्जनों गांवों की पेयजल योजना भी ठप होने का खतरा बना हुआ है।वही योजना के ठप होने से हजारों पेयजल उपभोक्ताओं को पानी के लिए तरसना भी पड़ सकता है।सरयू नदी में खुटानी पावर प्लांट के विरोध में ग्राम सभा सिरसोली के ग्राम वासी व भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कुमाऊं मंडल व जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।खुटानी पावर प्लांट के प्रोजेक्ट मैनेजर अशोक कुमार सिंह से मिलकर खुटानी पॉवर प्लांट द्वारा जो समस्या पैदा हुई है उन पर चर्चा की गई।जिसके बाद सिरसोली ग्रामवासियों ने भविष्य में जोशीमठ की तर्ज पर खतरे की आशंका जताते हुए राज्य और केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया हैं।वही खुटानी पावर प्रोजेक्ट द्वारा बिना ग्रामीणों की सहमति के अवैध सड़क बनाकर काश्तकारों के नाप खेतों पर जबरन कब्जा कर डराने धमकाने का भी आरोप लगाया।वही योजना निर्माण में मिलीभगत कर गुपचुप तरीके से कुछ प्रतिनिधियों के साथ मिलकर योजना में प्रभावितों से कोई भी अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लेने का आरोप लगाया। वही क्षेत्र के सभी ग्रामीणों ने बच्चों संग विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। विरोध करने वालों में भीम आर्मीके कुमाऊ संयोजक गोविन्द बौद्धदीपक चंदोलाअंकित कोहली प्रवीण कोहली अंकित कोहलीजीवन लाल संतोषी देवी जगदीश लाल प्रकाश कुमार सुंदर लाल आदि मौजूद थे।

# स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे के विरुद्ध प्रभारी कोतवाल खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस को स्मैक बेचने के आरोपी को पकड़ने में पुलिस सफलता मिली है, लंबे समय सेअभियान चलाया जा रहा था पर कोई भी आरोपी पुलिस के हत्थे नही चढ़ पाया था, वही एसपी हिमांशु वर्मा द्वारा अवैध रूप से तश्करी करने वालों को पकड़ने के निर्देश दिए थे, वही कोतवाली पुलिस की



चौकिंग के दौरान दयांगड– आरे बाईपास नीलेश्वर तिराहे के समीप आरे की तरफ अभियुक्त सुरेश सिंह उर्फ सूर्या पुत्र आन सिंह निवासी दारसो के कब्जे से 5.14 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसके बाद एनडीपीएस की 31/2023 धारा 8/21 में मुकदमा दर्ज किया गया।प्रभारी कोतवाल खष्टी बिष्ट ने बताया कि अभियुक्त पूर्व में भी अवैध नशीले पदार्थो को बेचने के मामलों में संलिप्त रह चुका है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में.हेड कांस्टेबल सुनील बहुगुणा, गिरीश बजेली,कांस्टेबल नरेंद्र गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# एक साल नई मिसाल कार्यक्रम में बताई सरकार की उपलब्धियां

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम एक साल नई मिसाल के तहत बहुउद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन सोमेश्वर विधानसभा के हाई स्कूल बिजुरिया पच्चीसी में जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक साल नई मिसाल के तहत सरकार ने अपनी योजनाओं का लाभ लोगों को घर घर जाकर देने का काम किया है। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी समन्वय बनाकर लोगों की समस्याओं का निदान करने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी लगातार लोगों का विकास करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा सभी को अपना अपना दायित्व निभाकर राज्य के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। शिविर के नोडल अधिकारी तथा जिला विकास अधिकारी केएन तिवारी ने कहा कि सरकार के निर्देशों के अनुरूप लगाए गए शिविरों से लोगों को उनके द्वार पर जाकर योजनाओं लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने समस्त जनपद वासियों से इस प्रकार आयोजित शिविरों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील



की है। शिविर में कुल 10 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित पंजीकृत हुई, जिनमे से अधिकतर शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों द्वारा किया गया। शिविर में विभागीय स्टालों से भी लोगों को लाभान्वित किया गया। आपूर्ति विभाग द्वारा 135 राशन कार्डों के विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। आयुर्वेदिक विभाग ने 135 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निशुल्क दवाएं दी। होम्योपैथी विभाग ने 110 लोगों को दवाएं दी, एलोपैथी से पीएचसी ताकुला की टीम द्वारा 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा दवाएं वितरित की पशुपालन विभाग द्वारा 258 पशुओं हेतु दवाएं दी गई तथा 58 पशुपालकों को लाभान्वित किया। बाल विकास विभाग के माध्यम से 2 महालक्ष्मी किट भी लाभार्थियों को दी गई। कृषि विभाग के माध्यम से 3 लोगों को किसान श्री पुरस्कार दिया गया तथा उद्यान विभाग के माध्यम से 7 किसानों को उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु सम्मानित किया। इनमे से 2 किसानों को 64997 रुपए की धनराशि भी घेरबाड़ तथा वरमी कंपोस्ट बनाने हेतु दी गई। इसी प्रकार विभिन्न विभागों द्वारा लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। कार्यक्रम का संचालन विनोद राठौर ने कियाकार्यक्रम में जिला महामंत्री बीजेपी धर्मेंद्र बिष्ट, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, जिला मंत्री वंदना आर्य, मोहन दोसाज, भूपल मेहरा, लाल सिंह बजेठा सहित अन्य पदाधिकारी तथा मुख्य कृषि अधिकारी डी कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी दिव्या पांडे, युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार सहित जनपद स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेचर वॉक में विद्यार्थियों को दी वेजीटेशन की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी, देहरादून एवं विज्ञान भारती के सहयोग से विज्ञान लोकप्रियकरण समिति द्वारा नेचर वॉक हेतु सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र छात्राओं एवं शोधार्थियों को किच्छा बाईपास स्थित लेक पैराडाइज ले जाया गया। जहाँ प्रतिभागियों ने विभिन्न पेड़ पौधों, झील व अन्य आस पास की वेजीटेशन के बारे में जाना। नेचर वॉक के दौरान विज्ञान लोकप्रियकरण समिति समन्वयक डॉ.



भारत पांडे ने विभिन्न पौधों से प्राप्त होने वाले एक्स्ट्रैक्शंस व उपयोग के बारे में बताया। सदस्य डॉ. रवीश त्रिपाठी ने फ्रेश वॉटर और लेक डाइवर्सिटी व विभिन्न मछलियों के बारे में बताया। सदस्य डॉ. चंद्रपाल ने नेचर को साथ रख बिना पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए ही व्यवसायीक संभावनाओं को समझाया। इस मौकÿे पर महाविद्यालय छात्र संघ पदाधिकारी छात्र छात्राओं के साथ मौजूद रहे।

# वाटिका संरक्षक की पुण्य तिथि पर वृक्ष मित्र ने कराया पौधारोपण

बागेश्वर (उद संवाददाता)। श्री राम नवमी पर्व पर देवकी लघु वाटिका के संस्थापक प्रमुख संरक्षक पूर्व सैनिक स्व.हिम्मत सिंह मलड़ा की 7वीं पुण्य तिथि पर वाटिका द्वारावृक्षारोपण किया गया,श्री हरु मंदिर प्रांगण मंडलसेरा में दो सिलिंग एवं फलदार पौधों, फूलों के पौधों का रोपण किया गया, वही मंदिर में शांति पाठ ,देव स्तुति में मंदिर में पौधभेंटकर पौधों का रोपण कर देव वृक्ष की तरह रोपित पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया, कुलपुरोहित बसंत बल्लभ जोशी,एवं भुवन चंद्र लोहनी द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ रोपित कर पुण्य आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई,वृक्ष प्रेमी किशन मलड़ा ने सभी का आभार करते हुए अपनों की



याद को सदा बनाये रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की, इस दौरान देवकी देवी,रमा देवी, ले.कर्नल रविंद्र सिंह भंडारी, प्रशांत मलड़ा,मनीषा मलड़ा, राधागड़िया,ममता, विष्णुलीरावत,जानकी, लछीमा, मोहनी,टीना,राम् सिंह, भजन सिंह, आनंद सिंह मलड़ा,जोगा सिंह, राजेंद्र सिंह, नंदन सिंह, दीपक रौतेला,लक्ष्मण सिंह,पदम सिंह,पंकज थापा, केवलानंद चौबे, सुंदर सिंह बिष्ट, बिशन सिंह,नीरज राना,विनोद चौबे, चंदन राम, जगदीश सिंह,जोगा राम, पुरन रावत, मोहन थापा,बहादुर राम दास, मयंक थापा, हिमांशु, मनोज, बलवंत, हेमंत मलड़ा, देश दीपक मलड़ा, प्रकृति सिंह, आदि ने सहयोग प्रदान कर सदा पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी रहने का प्रण लिया।

# मनरेगा मजदूरों की अब ऑनलाइन हाजिरी लगेगी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मनरेगा मजदूरों की अब ऑनलाइन हाजिरी लगेगी, सरकार ने इसके लिए मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एमएमएस) लागू कर दिया है। जिसके लिए ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण दिया गया।बुधवार को प्रशिक्षण का शुभारंभ विकास खंड परिसर पर हुआ। ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण के दौरान अपने मोबाइल में डाउनलोड एमजीएनआरजीपी एप से मजदूरों के नाम वाले ऑप्शन पर क्लिक करेंगे और हाजिरी लगाने के साथ एप के जरिए काम करते समय की फोटो खींचकर अपलोड करेंगे। जिसके बाद अपलोड की गई डेटा तत्काल प्रभाव से ब्लॉक के



सिस्टम में पहुंच जाएगी और बीडीओ मजदूरी भुगतान के लिए ऑनलाइन संस्तुति कर देंगे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार योजना मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों के बेरोजगारों को एक साल में 100 दिन का रोजगार देना सूचित करने को कहा गया है शासन की महत्वकांक्षी योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले इसके लिए नई व्यवस्था कर दी गई है रोजगार की तलाश में गांव से होने वाले पलायन को रोकने में इससे बड़ी राहत मिल रही है और अपनी ग्राम पंचायतों में ही विकास कार्यों में हिस्सेदारी कर हर छोटी बड़ी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। बीडीओ आलोक भंडारी ने बताया मनरेगा के कार्यों की पहले ऑफलाइन उपस्थिति होती थी जिसमे पारदर्शिता नहीं रहती थी। एमएमएस के प्रशिक्षण से ग्राम प्रधानों को तो लाभ होगा ही साथ ही मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता भी रहेगी। इस दौरान विकास खंड के प्रधान उपस्थित थे।

# हथियार लहराने पर पांच के खिलाफ रपट, पिस्टल बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भोटिया पड़ाव के गोविंदपुरा में मामूली विवाद में पिस्टल और चाकू लहराने के वायरल हुए वीडियो के मामले में पुलिस ने पति पत्नी और उसके पुत्र सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने एक लाइसेंसी पिस्टल और तलवार भी जब्त कर ली है। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात भोटिया पड़ाव पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुरा में दो पक्षों में हुए विवाद के बाद तलवार और पिस्टल लहराने के वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए पति पत्नी पुत्र सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि एक शराब तस्कर ने युवक को एक पेटी शराब उधार दी थी और इसी उधारी के रुपये मांगने पर विवाद हुआ। जहां दोनों पक्षों में बवाल होने पर पिस्टल और तलवार लहराए गए थे। घटना का वीडियो किसी ने बना लिया था। जो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जहां पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए भोटिया पड़ाव गोविंदपुरा निवासी पति पत्नी पुत्र के साथ दौलतपुर गौलापार निवासी युवक व तिकोनिया निवासी युवक के खिलाफ बलवे की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना में प्रयोग हुई एक पिस्टल व तलवार पुलिस द्वारा बरामद कर ली गई है। साथ ही पुलिस पिस्टल का लाइसेंस रद करने की तैयारी की रही है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी। उलिस ने बताया आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।






संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राहुल गांधी को मिली सच बोलने की सजा:आर्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नेता प्रतिपक्ष एवं बाजपुर के विधायक यशपाल आर्य ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार देश में लोकतंत्र को समाप्त करने पर तुली है। देश में सच बोलना भी अब गुना हो गया है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सच बोलने की सजा संसद की सदस्यता खोकर चुकानी पड़ी है। एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आज केन्द्र सरकार देश में अराजकता का माहौल पैदा कर रही है। लोकतंत्र और संविधान का खुला मजाक उड़ाया जा रहा है। राहुल गांधी विभिन्न माध्यमों से केन्द्र सरकार और भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ विभिन्न माध्यमों से खुकर बोल रहे थे। चार हजार किमी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान देश के ज्वलंत मुद्दों को राहुल गांधी ने जनता के बीच जाकर उठाया तो केन्द्र सरकार बेचैन हो गयी। राहुल गांधी पर बेवजह यह आरोप लगाये जाने लगे कि उन्होंने ओबीसी समाज का अपमान किया है। जबकि राहुल गांधी ने ओबीसी समाज के खिलाफ एक भी शब्द कभी नहीं बोला। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राहुल गांधी को सच बोलने की सजा मिली है। चौबीस घंटे के अंदर राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त करके विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की गयी । संविधान के मूल्यों का लगातार हनन हो रहा है। केन्द्र सरकार के खिलाफ कोई मुखर होकर आवाज उठाता है तो उसकी आवाज को किसी तरह से दबाया जाता है। सरकार जनता के सवालों के जवाब देने से बचना चाहती है। जनता के मुद्दों से लोगों को सरकार भटकाना चाहती है। श्री आर्य ने कहा कि भाजपा का काम देश को तोड़ना है जबकि कांग्रेस ने हमेशा देश को जोड़ने का काम किया है। श्री आर्य ने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में जो कहा था उसे भाजपा ने तोड़ मरोड़कर पेश किया। कांग्रेस की विचारधारा जाति धर्म एवं संभाव की है। कांग्रेस हमेशा इसी रास्ते पर चलेगी। पत्रकार वार्ता में उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक जसपुर आदेश चौहान, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, संदीप चीमा, हरीश बाबरा, गोपाल भसीन, विट्टू मिश्रा, ममता रानी, ममता हलदार,डॉ गणेश उपाध्याय, पार्षद मोहन खेड़ा,मदन लाल खन्ना, संजीव कुमार सिंह,आशित बाला, अशोक राय आदि मौजूद थे।



# एम्स ऋषिकेश में सीबीआई की छापेमारी से मचा हड़कम्प

देहरादून (उद संवाददाता)।एम्स ऋषिकेश में सीबीआई की टीम जांच के लिए पहुंची है। टीम ने दस्तावेजों की जांच के साथ अधिकारियों से पूछताछ की। एम्स में पूर्व में चिकित्सा उपकरण, मेडिकल स्टोर आवंटन, कंकालों और दवाओं की खरीद, नियुक्तियों के मामले की जांच चल रही है। बता दें एम्स के पांच अधिकारियों समेत आठ पर पूर्व में मुकदमे दर्ज हुए थे। शुक्रवार को सीबीआई के डीएसपी की अगुवाई में सात सदस्यीय टीम एम्स पहुंची। टीम ने पिछले साल 3 से 7 फरवरी को छापामारी की थी। फिर 22 अप्रैल को टीम पहुंची थी। जिसमें माइक्रोबायोलाजी विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त प्रोफेसर बलराम जी ओमर, एनाटामी विभाग के तत्कालीन अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेंद्र सिंह, तत्कालीन सहायक प्रोफेसर अनुभा अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी शशिकांत, लेखाधिकारी दीपक जोशी और प्रो-मेडिक डियाईसेस के स्वामी पुनीत शर्मा को नामजद किया गया था। शुक्रवार को तीसरी तीसरी छापेमारी हुयी। 2017-18 में एम्स ने स्वीपिंग मशीन खरीदी थी, जिसमें 2.41 करोड़ की धांधली की जांच चल रही है। दूसरी कंपनी एक करोड़ में यह मशीन दे रही थी।




# किसानों को अब दो माह में मिलेगा बिजली का बिल

देहरादून (उद संवाददाता)।प्रदेश के किसानों को अब छह माह में भारी भरकम नहीं बल्कि हर दो माह में बिजली बिल मिलेगा। वहीं, उनका कनेक्शन चार महीने तक नहीं काटा जाएगा। एक माह में बिल जमा कराने पर किसानों को पांच प्रतिशत की छूट मिलेगी। उधर, मत्स्य पालकों को भी अब कृषि दरों पर भुगतान का लाभ मिलेगा।उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने किसानों के लिए बिजली दरें 2.15 रुपये से बढ़ाकर 2.30 रुपये प्रति यूनिट कर दी है। यहां कोई फिक्स चार्ज नहीं लगता है। आयोग के सदस्य तकनीकी एमके जैन ने बताया कि किसानों का कहना था कि छह माह में ट्यूबवेल का भारी भरकम बिल आता है। एक बिल दिसंबर में आता था, जिसका भुगतान अप्रैल तक करना होता था। दूसरा बिल जून में आता था, जिसका भुगतान अक्तूबर तक करना होता था। इस वजह से किसान को उसे अदा करने में परेशानी पेश आती है। लिहाजा, आयोग ने तय किया कि अब हर दो माह में किसानों का बिल आएगा, जिसे वह आसानी से जमा करा सकेंगे।

# आबकारी नीति: राज्य सरकार के नए प्रस्ताव पर हाईकोर्ट की मुहर

नैनीताल(उद संवाददाता)। हाई कोर्ट ने प्रदेश की आबकारी नीति के मामले में राज्य सरकार के नए प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। नए प्रस्ताव के अंतर्गत अब 15 प्रतिशत राजस्व बढ़ने के बाद रिक्त दुकानों की लॉटरी की औपचारिकता अब अनुज्ञापी पांच अप्रैल तक कर सकेंगे। कोर्ट ने आबकारी नीति को चुनौती देती याचिका को अंतिम रूप से निस्तारित कर दिया। कोर्ट के आदेश से सरकार को बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर व मुख्य स्थाई अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने मामले को आज ही सुनवाई के लिए अनुरोध किया। साथ ही बताया कि दुकानों के आवंटन अब पांच अप्रैल तक विस्तारित कर दिया गया है। शनिवार को आबकारी विभाग की ओर से विज्ञापन जारी होगा। इससे पहले कोर्ट ने सरकार से मामले में 10 अप्रैल तक जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई को 13 अप्रैल की तिथि नियत की थी। जिससे शुक्रवार 31 अपैल को तय निलामी नहीं हो सकी थी। पिरूमदारा रामनगर निवासी विकास चन्द्र ने याचिक दायर कर कहा है कि सरकार ने 22 मार्च को नई आबकारी नीति घोषित की है। जिसे पहली अप्रैल से लागू होना है। 25 मार्च सरकार ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पुराने लाइसेंस धारी 29 मार्च तक अपने दुकानों का रिनुअल करा लें इसके बाद जिन दुकानों का रिनुअल नहीं होता, उनकी लॉटरी के माध्यम से नीलामी 31 मार्च को होगी। याचिका में यह भी कहा गया कि आबकारी नीति के क्लॉज 5.3 व 6.3 देशी व अंग्रेजी शराब के लिए अलग-अलग नीति है। देशी शराब के लिए प्रति बोतल 270 रुपये गांरटी ड्यूटी तय की गई जबकि अंग्रेजी शराब के लिए अभी तक यह तय नहीं हुआ है, किस आधार पर दुकानों का रिनुअल करें। सरकार ने उन्हें रिनुअल का समय भी कम दिया है। दुकानों के लॉटरी सिस्टम से आवंटन का समय भी कम दिया। 29 को रिनुअल 30 को अवकाश 31 दुकानों का लॉटरी से आवंटन है। सरकार ने उन्हें एक दिन का समय तक नहीं दिया। खुद सरकार ने अभी रेट तक तय नही किए, इसलिए इस पर रोक लगाई जाए।



# महानाम संकीर्तन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित श्री श्री शनि देव जी महाराज के मंदिर में कल एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहे महानाम संकीर्तन से पूर्व आज भारी संख्या में महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। इससे पूर्व पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों महिलाएं सिंह कालोनी स्थित श्री श्री शनि देव जी महाराज के मंदिर परिसर में एकत्रित हुईं। जहां से वह विधि विधान से सिर पर कलश धारण कर आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में श्री दुर्गा मन्दिर पहुंची। वहां से कलश यात्रा प्रारम्भ होकर इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, काशीपुर बाई पास मार्ग, डी डी चौक, किच्छा बाई पास रोड में झील पर पहुंची। जहां पूजा अर्चना कर गंगा जल लेकर पुन: सिंह कालोनी श्री श्री शनि मन्दिर वापस आईं। पांच दिवसीय श्री मद भागवत कथा प्रतिदिन सांय 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक की जा रही है। कल एक अप्रैल से आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी गली नम्बर एक में श्री श्री शिव मंदिर में प्रात: 6 बजे से अष्टम प्रहर महानाम संकीर्तन एंव विशाल भण्डारा प्रारंभ होगा। श्री श्री शनिदेव महाराज जी की पूजा दोपहर 1 बजे, सायं 7 बजे आरती होगी। 2 अप्रैल को प्रात: 6 बजे महानाम संकीलन समापन होगा। यह कार्यक्रम कार्तिक मंडल एंव समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कलश यात्रा में कार्तिक मण्डल, देव मण्डल,समाजसेवी संजय ठुकराल, पारुल मण्डल, चौताली मण्डल, गोविन्द राय, रीना सरकार, आरती सरकार, गणेश सरकार, काशीनाथ हाजरा, मोनी मण्डल, रेनु मण्डल, सुजाता मल्लिक, तपन विश्वास, मधु सरकार, गोविन्दो सरकार, मोरनी सरकार,सविता सरकार,उत्तम अधिकारी, श्यामल राप, तपन विश्वास, अशोक, मुकेश मालाकार, आलो हाजरा, दिपाली, सुभाष मण्डल, नोनी गोपाल, कृष्णा गाईन, जमुना सरला, बसंती विश्वास, चंचला सरकार,गीता विश्वास, चंचला सरकार, गीता सरकार, सरिता सरकार, पुष्पा, रूपा मंजूदार, नीलू ढाली,अमित सरकार,बेबी मालाकार, पुष्पा सरकार, राजू विश्वास, सुमन विश्वास, देवांशी,विष्णु सरकार, सुजीत मजूमदार, भागीरथी सरकार, मन्जु,माया चक्रवर्ती, श्यामली हाजरा, रजनी, बिमल घरामी, खुशी, विवेक श्गुहा, आशा देवनाथ, रजनी साना आदि मौजूद थे।



# साईबर ठगों ने झांसा देकर खाते से उठाये 88 हजार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला द्वारा कोरियर मैन को मंगाये सामान का गूगल पे से भुगतान करते ही महिला के खाते से 88 हजार रूपये की ठगी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में वर्षा पत्नी राजू बनकर निवासी रॉंयल रेसीडेन्सी के पीछे बिगवाडा ने कहा है कि 18 जनवरी 2023 को कुरियर के कर्मचारी का फोन आया। उसको 5890 रूपये गुगल पे किये। उसके ट्रांजेक्शन के बाद उसें 3 मेसेज आये जिसमें 80 हजार, 5 हजार व 3 हजार उसके अकांउट से कट गये। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट कल से

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के पिता स्व. खान चन्द्र ठुकराल की स्मृति में दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन आदर्श कालोनी वार्ड 36 स्थित बुध पार्क निकट बालाजी मंदिर में प्रात: 11 बजे से किया जायेगा। जानकारी देते हुए आयोजन कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र आर्या ने बताया कि दो दिवसीय टूर्नामेंट का शुभारम्भ मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल संयुक्त रूप से करेंगे। टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं। विजेता टीम को 11 हजार और उपविजेता टीम को 7 हजार की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी।

# हिस्ट्रीशीटर की हत्या करने आये चार शूटर दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हिस्ट्रीशीटर की हत्या के लिए आये चार शूटरों को एसटीएफ कुमाऊं की टीम ने किच्छा पुलिस के साथ किच्छा में हल्द्वानी बाईपास स्थित काली मंदिर के पास एक मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध असलाह के साथ दबोच लिया। हत्या की सुपारी देने वाला एसटीएफ के हाथ नहीं लग पाया। दबिश से थोड़ी देर पहले ही वह वहां से निकल गया था।सीओ सितारगंज ओपी शर्मा ने सीओ सिटी कार्यालय में खुलासा करते हुए बताया कि एसटीएफ को मुखबिर से खबर मिली थी कि बदमाश किच्छा में काली मंदिर के पास स्थित कालोनी में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। जिस पर एसटीएफ कुमाऊं के सीओ सुमित पांडे व प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह ने मकान के पास डेरा डाल कर किच्छा पुलिस को सूचना दी। जिस पर किच्छा पुलिस की टीम के पहुंचने पर मकान की चारों तरफ से घेराबंदी कर पुलिस ने वहां एकत्र शूटरों को कुछ करने का मौका दिए बिना ही मकान के दूसरे तल के एक कमरे से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम राहुल श्रीवास्तव पुत्र हरीश श्रीवास्तव निवासी बिष्टि चौराहा वार्ड नंबर 10 थाना सितारगंज, विपिन ठाकुर पुत्र अतर सिंह निवासी आवास विकास वार्ड नंबर तीन किच्छा, तौसीफ पुत्र शरीफ अहमद निवासी हाथी खाना किच्छा, कासिफ पुत्र हफीज प्रधान निवासी वार्ड नंबर 14 निकट बड़ी मस्जिद के पास किच्छा बताया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने एक पिस्टल, दो तमंचे 315 बोर एक तमंचा 12 बोर व 19 कारतूस बरामद कर लिए हैं। पकड़े गए बदमाशों का सरगना गगनदीप सिंह उर्फ रतनपुरिया एसटीएफ के आने से कुछ देर पहले ही वहां से निकला था। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह गगनदीप सिंह के बुलाने पर सिमरनदीप सिंह की हत्या करने के लिए वहां आए हुए थे। बदमाशों को पकड़ने के लिए एसटीएफ के कांस्टेबल गुरवंत सिंह ने अहम भूमिका निभाई। जिसे उसने बखूबी निभाते हुए एक बड़ी घटना को अंजाम देने से रोक दिया। उसकी सटीक सूचना पर की गई कार्रवाई से बड़ी वारदात होने से टल गई। पुलिस टीम में एसआइ विपिन चंद्र जोशी, केजी मठपाल, कांस्टेबल अमरजीत सिंह, विरेंद्र सिंह चौहान, गुरवंत सिंह, नवीन कुमार, राजेंद्र सिंह महरा, संजय कुमार सहित किच्छा कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, एसएसआई गोविंद सिंह मेहता, कांस्टेबल देवराज सिंह,मनोज शामिल थे।



# जो कुछ भी हूं श्याम तेरी कृपा से हूं....

## श्याम संकीर्तन में उमड़ा जनसैलाब,भजन गायक रोमी ने मचाई धूम

सितारगंज। श्री श्याम संकीर्तन मण्डल के तत्वाधान में श्री रामलीला मैदान में बाबा श्याम का विशाल दरबार सजा। उपजिलाधिकारी तुषार सैनी ने सपरिवार बाबा की अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर जागरण का शुभारम्भ किया। सुप्रसिद्ध गायक हरविन्दर सिंह रोमी ने अपनी मधुर वाणी से भक्तों को झूमने को विवश कर दिया। भक्तजन बाबा के भजनों में खूब नाचे,गायक रोमी ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाणे आनो है और जो कुछ भी हूं श्याम तेरी वजह से हूँ और नरसी के भात की सम्पूर्ण कथा विस्तार से भक्तों को सुनाई। दरबार में बाबा के भक्त हल्द्वानी, लालकुआं, रुद्रपुर,किच्छा, नानकमत्ता,खटीमा, मझोला से भी बडी संख्या में आये।दरबार में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, सुरेश अग्रवाल, सुरेश सिंघल,शिवकुमार मित्तल,नरेश कंसल, महेश मित्तल, संजय गोयल विकास मित्तल, बजरंग गुप्ता, बृजलाल गुप्ता, संजीव गोयल,मुकेश गर्ग, मुकेश गोयल, विनीत जैन, मुकेश सैनी, संजय ठुकराल, सम्पतराम गोयल, विक्की मुंजाल, डब्बू बिन्दल, आदित्य गर्ग, विकास गर्ग, अंकुर गर्ग,प्रदीप बंसल, दीपक जैन,अनिल सिंघल,सन्त लाल गर्ग, अनिल नारंग, मोहित जिन्दल, शिवम मित्तल, विशाल मित्तल, वीरेन्द्र अग्रवाल, राघव जिन्दल, मोहित जिन्दल, शिवम मित्तल, विशाल मित्तल,वीरेन्द्र अग्रवाल, राघव जिन्दल,संदीप गुप्ता, अनिल पटवारी,उमेश सिंघल,कपिल सिंघल, सोनू चौहान,जितेन्द्र गर्ग, राजकुमार डालमिया,देवेश कुमार, कशिश अरोरा, डाक्टर पारुल सैनी, शिखा जिन्दल, संगीता मित्तल,रेनू गर्ग,सरोज कंसल, सीमा सिंघल,मानसी गर्ग पूजा मित्तल,आदि लोग मौजूद रहे।



